अठारहवीं राष्ट्रीय जंबूरी का समापन

चर्चा में क्यों?

10 जनवरी, 2023 को पाली ज़िले के निबिली (रोहठ) में आयोजित अठारहवीं राष्ट्रीय स्काउट्स एंड गाइड्स जंबूरी का समापन हुआ। समापन समारोह में सर्वश्रेष्ठ राज्य का खिताब राजस्थान के नाम रहा। आयोजन में सम्मिलित हुए राज्यों में राजस्थान प्रथम स्थान पर रहा।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा 4 जनवरी को 18वीं राष्ट्रीय स्काउट्स एंड गाइड्स जंबूरी में राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी पाली जिले के रोहट में आयोजित की गई जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया था।
- राष्ट्रीय जंबूरी में भाग ले रहे राज्यों में राजस्थान को सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिये सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला। साथ ही सर्वश्रेष्ठ स्काउट के लिये नेशनल कमिश्नर शील्ड फॉर स्काउटिंग और सर्वश्रेष्ठ गाइड के लिये नेशनल कमिश्नर शील्ड फॉर गाइड दोनों ही श्रेणियों में अवार्ड राजस्थान ने अपने नाम किये।
- गौरतलब है कि इस पूरे आयोजन के दौरान राजस्थान ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किये हैं, जिनमें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में सबसे बड़े अस्थायी स्टेडियम, यूनिफार्म में सर्वाधिक छात्रों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण पर ली गई शपथ आदि कई रिकॉर्ड बने।
- उल्लेखनीय है कि राज्य के जंबूरी के मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने राजस्थान की अतिथि देवो भव की परंपरा को सार्थक करते हुए प्रदेश को मिले नेशनल कमिश्नर शील्ड फॉर स्काउटिंग और नेशनल कमिश्नर शील्ड फॉर गाइड उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को प्रदान की।
- इस राष्ट्रीय आयोजन में विभिन्न देशों के कुल चार सौ से ज्यादा प्रतिनिधियों के साथ भारत के अलग अलग हिस्सों से आए 37 हज़ार से ज्यादा स्काउट्स एंड गाइड्स ने हिस्सा लिया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/18th-national-jamboree-concludes